संस्थानों में खामियां मिलने पर यूटीयू के कुलपति का चढ़ा पारा

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शुक्रवार को दून में विवि से संबद्ध दो संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में कई प्रकार की खामियों को देखकर कुलपति का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर दोनों संस्थान के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो संस्थान कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कुलपति करीब दोपहर 12 बजे पहले ओल्ड मसूरी रोड राजपुर स्थित इंस्टीट्यूट आफ को-आपरेटिव मैनेजमेंट (आइसीएम) पहुंचे। जहां एमबीए का पाठ्यक्रम संचालित होता है। कक्षाओं में छात्रों की संख्या बेहद कम पाई गई। संस्थान में छात्रों की उपस्थिति का कोई रिकार्ड नहीं मिला। पढ़ाई करने वाले छात्र सम सेमेस्टर के बारे में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर नहीं दे पाए। इस पर कुलपति ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और आज से उपस्थिति का रिकार्ड प्रतिदिन विवि भेजने के निर्देश दिए। इसके बाद करीब दोपहर दो बजे कुलपति पटेलनगर स्थित राजकीय इंस्टीट्यूट आफ होटल मैनेजमेंट संस्थान पहुंचे। यहां भी स्थिति अलग नहीं थी। (जासं)